Hindi

Transport for NSW
Community Transport

NSW के लिए यातायात

सामुदायिक यातायात

ऐसा सुरक्षित, सस्ता, घर व जाने की जगह तक यातायात जो आपको स्वतंत्र रूप से आने-जाने व अपने जीवन को पूर्णरूप से जीने में सहायता देता है।

क्या आपको कहीं जाना हो तो वहाँ जाने में कठिनाई होती है? क्या आपको सबसे अलग हो जाने का अनुभव होता है? क्या आप चाहेंगे कि आप अपनी स्वतंत्रता बनाए रखें और अपने सामाजिक जीवन में सुधार लाएँ?

सामुदायिक यातायात एक सेवा है जिसे सरकार से छूट मिलती है और जो आपके लिए आना-जाना आसान बना कर व सामाजिक रूप से एक दूसरे से जोड़ कर आपको एक आनन्दपूर्ण, स्वस्थ व सन्तोषजनक जीवन बिताने में सहायता देती है।

यह सेवा विशेष रूप से बनाई गई है कि मेडिकल अपॉइंटमेन्ट, सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने, खरीददारी की ज़रूरतों को पूरा करने व घर पर स्वतंत्र रूप से रहने में मदद प्रदान करने के लिए बनाई गई हैं।

सामुदायिक यातायात किस प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है?

सामुदायिक यातायात द्वारा कई प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जाती है, पर यह सेवाएँ संचालकों के बीच भिन्न-भिन्न हैं। अपने स्थानीय संचालक से संपर्क करें और पता करें कि उनकी सेवाएँ आपकी ज़रूरतों को पूरा करती हैं या नहीं।

- घर से घर तक की सेवा
- आपकी आवश्यकता अनुसार आपको ले जाने के लिए भिन्न समय वाली सेवाएँ
- वाहन जो पहिए वाली कुर्सियों व उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जिनकी विशेष आवश्यकताएँ हैं
- वाहन जो छोटे समूहों को ले जा सकें
- प्रशिक्षित ड्राईवर जो आपको वाहन में चढ़ने व उतरने में मदद कर सकें
- सहायक कार्यकर्ता जो आपके सामान को आपके घर तक पहुँचा सकें
- बहुभाषीय स्टाफ़ या साधन जो आपकी भाषा संबंधी ज़रूरतों को पूरा कर सकें

सामुदायिक यातायात का उपयोग कौन कर सकता है?

सामुदायिक यातायात की सुविधा उन लोगों को उपलब्ध हो सकती है जिनके पास यातायात के सीमित विकल्प होते हैं और वे उपयुक्त होने की शर्तों को पूरा करते हैं।

आप उपयुक्त हो सकते हैं यदि:

- आप वृद्ध है और आपकी गतिशीलता सीमित है
- आपको विकलांगता या कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है जो आपकी गतिशीलता सीमित करती है
- आपको भाषा संबंधी समस्याएँ हैं जिसके कारण आपका सार्वजनिक यातायात से आना-जाना कठिन हो जाता है
- आप ऐसी जगह रहते हैं जहाँ सार्वजनिक यातायात बहुत कम या बिल्कुल नहीं है और आपके पास निजी गाड़ी नहीं है
- यातायात पाने में आप अन्य प्रकार की महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करते हैं

यदि आप 65 वर्ष से अधिक और (अबोरिजनी व टॉरेस स्ट्रेट आईलेन्ड के व्यक्ति हैं तथा 50 वर्ष से अधिक हैं) तो अपनी उपयुक्तता का मूल्याँकन करवाने व अपने स्थानीय संचालक के लिए रेफ़रल पाने का आवेदन करने के लिए 1800 200 422 पर **My Aged Care** से संपर्क करें। यदि आप इस आयु सीमा में नहीं आते हैं तो अधिक जानने के लिए अपने स्थानीय संचालक से संपर्क करें।

वे लोग जो सामुदायिक यातायात के लिए उपयुक्त नहीं हैं उनके लिए **First Stop Travel Training (प्रथम स्टॉप यात्रा प्रशिक्षण)** कार्यक्रम एक उपयोगी साधन हो सकता है। यह मुफ़्त सेवा लोगों को सिखाती है कि सार्वजनिक यातायात को सुरक्षा व स्वतंत्रतापूर्वक कैसे उपयोग करते हैं, जिससे उनके लिए आना-जाना व अपने समुदाय में अधिक हिस्सा लेना आसान हो जाए।

अधिक जानकारी के लिए देखें
firststop.transportnsw.info

सामुदायिक यातायात का कितना खर्चा होता है?

संचालकों व स्थानों की कीमत भिन्न होती है, जो उपलब्ध साधनों, यात्रियों की आवश्यकताओं और चढ़ने व उतरने के स्थानों पर निर्भर करता है।

अपनी यात्रा बुक करने से पहले सेवा कीमत जानने के लिए स्थानीय सामुदायिक यातायात संचालक से संपर्क करें।

अपने घर के नज़दीक सामुदायिक यातायात के बारे में कैसे जानें?

आप अपने स्थानीय संचालक के बारे में नीचे लिखे स्टेप्स द्वारा जान सकते हैं:

1. **transportnsw.info/operators** पर देखें
2. Transport Operators ढूँढने के लिए अपने सबर्ब का नाम लिखें या अपने क्षेत्र में सामुदायिक यातायात लिए ‘mode’ व ‘region’ फ़िल्टर का उपयोग करें।

   ढूँढने के परिणाम, जिसमें वेबसाईट व संपर्क का विवरण शामिल है, वर्णमाला के क्रम के अनुसार होगा।
3. संचालकों की वेबसाईट पर क्लिक करें या अधिक जानकारी के लिए जो नम्बर दिया गया है, उस पर फ़ोन करें।

M1446 - 0719